# अध्याय - 2 संसाधन के रूप में लोग

## पाठ के मुख्य बिन्दु

- संसाधन के रूप में लोग से अभिप्राय वर्तमान उत्पादन, कौशल और क्षमताओं के संदर्भ में किसी देश के कार्यरत लोगों के वर्णन करने की एक विधि है।
- मानव पूंजी के अंतर्गत कौशल और उसमें निहित उत्पादन के ज्ञान का स्टॉक है अथवा भौतिक पूंजी पर लगने वाले श्रम को मानव पूंजी कहते हैं।
- प्राथमिक क्षेत्रक - यह हमें प्रकृति से प्रत्यक्ष रूप से या भूमि और जल से जुड़ी क्रियाएं हैं। जैसे- कृषि, वानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, खनन आदि।
- द्वितीयक क्षेत्रक- प्राथमिक क्षेत्रक से प्राप्त वस्तुओं को जब हम अपने लिए कुछ उपयोगी वस्तुएं निर्मित करते हैं तो वह द्वितीयक क्षेत्रक कहलाता है। जैसे- गन्ने से चीनी बनाना, कपास से सूत बनाना आदि।
- तृतीय क्षेत्रक स्वयं का उत्पादन नहीं करती है बल्कि यह प्राथमिक और द्वितीयक क्षेत्रक के विकास में मदद करता है। जैसे- बैंकिंग, बीमा, व्यापार, डॉक्टर आदि।
- वह सभी क्रियाएं जो राष्ट्रीय आय में मूल्य वृद्धि करती है आर्थिक क्रिया कहलाती हैं। यह दो प्रकार की होती है बाजार क्रियाएं तथा गैर बाजार क्रियाएं।
- बाजार क्रियाएं वेतन या लाभ के उद्देश्य से की गई क्रियाएं हैं। इसके लिए पारिश्रमिक का भुगतान किया जाता है। इसमें सरकारी सेवा सहित वस्तुओं या सेवाओं का उत्पादन शामिल है।
- गैर बाजार क्रियाओं में स्वयं उपभोग के लिए उत्पादन किया जाता है ।
- जनसंख्या की गुणवत्ता निर्धारित करने वाले कारक साक्षरता दर और व्यक्ति का स्वास्थ्य है।
- मृत्यु दर से अभिप्राय एक विशेष अवधि में प्रति 1000 व्यक्तियों के पीछे करने वाले लोगों की संख्या से है।
- जन्म दर एक विशेष अवधि में प्रति एक हजार व्यक्तियों के पीछे जन्म लेने वाले शिशुओं की संख्या से है।
- बेरोजगारी वह स्थित है जब प्रचलित मजदूरी दर पर काम करने की इच्छुक लोगों को रोजगार नहीं मिल पाता है।
- प्रच्छन्न बेरोजगारी उसे कहते हैं जहां लोग काम तो करते हैं लेकिन उत्पादन में कोई वृद्धि नहीं होती। अर्थात यदि कुछ लोगों को काम से हटा भी दिया जाए तो उत्पादन पर कोई असर नहीं पड़ेगा।
- 6 -14 वर्ष आयु वर्ग के सभी स्कूली बच्चों को 2010 तक प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में सर्व शिक्षा अभियान एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया ।इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सेतु पाठ्यक्रम तथा दोपहर का भोजन को शामिल किया गया।
- मौसमी बेरोजगारी उस स्थिति को कहते हैं जब किसी विशेष मौसम में काम नहीं होने के दौरान श्रमिकों को काम नहीं मिल पाता। यह बेरोजगारी ग्रामीण क्षेत्रों में पाई जाती है।
- जब कोई व्यक्ति शिक्षा या डिग्री प्राप्त करके काम करना चाहता है लेकिन उसे काम नहीं मिलता तो उसे शिक्षित बेरोजगारी कहते हैं। यह सामान्यतः शहरी क्षेत्रों में पाया जाता है।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. 2001 में ग्रामीण क्षेत्र में कौन सी बेरोजगारी पाई जाती है?**
a. मौसमी बेरोजगारी b. प्रच्छन्न बेरोजगारी
c. उपरोक्त दोनों। d. ऐच्छिक बेरोजगारी

**2. विलास और सकल किस गांव में रहते थे?**
a. रायगंज b. सेमापुर
c. शाहपुर d. पालमपुर

**3. नगरीय क्षेत्रों में कौन सी बेरोजगारी अधिकांशतः पायी जाती है?**
a. मौसमी b. ऐचिछक
c. प्रच्छन्न d. शिक्षित

**4. श्रमिकों का गांव से बाहर शहर की ओर काम की तलाश में जाना क्या कहलाता है?**
a. आवास b. प्रवास
c. खोज d. इनमें से कोई नहीं।

**5. मानव पूंजी किसका घोतक है?**
a. बेकार एवं अनुत्पादक ज्ञान का भंडार
b. निपुणता एवं उत्पादक ज्ञान का भंडार
c. सहज एवं उपलब्ध साधन का भंडार
d. इनमें से कोई नहीं।

**6. किसके निवेश से देश की उत्पादन क्षमता में वृद्धि होती है?**
a. भूमि b. भौतिक पूंजी
c. मानव पूंजी d. उपरोक्त सभी।

**7. इनमें से कौन मानव पूंजी के निर्माण में प्रशिक्षण की भूमिका को इंगित करता है?**
a. सकल b. गीता
c. विलास d. महेश

**8. ग्रामीण क्षेत्रों में कितने प्रकार की बेरोजगारी पाई जाती है?**
a. तीन b. दो
c. चार d. इनमें से कोई नहीं।

**9. भारतीय अर्थव्यवस्था में कौन सा क्षेत्र सबसे अधिक श्रमिकों को समाहित किए हुए हैं?**

a. द्वितीय क्षेत्रक b. तृतीय क्षेत्रक
c. कृषि d. बैंकिंग

**10. निम्नांकित में से कौन से कारक जनसंख्या की गुणवत्ता को बढ़ाते हैं?**

a. लोगों का स्वास्थ्य b. कौशल निर्माण
c. साक्षरता दर d. उपर्युक्त सभी।

**11. इनमें से कौन सा क्षेत्रक अद्रक्षय बेरोजगारी से पीड़ित है?**

a. सेवा क्षेत्रक b. द्वितीयक क्षेत्रक
c. निजी क्षेत्रक d. कृषि क्षेत्रक

**12. अर्थव्यवस्था का कौन सा क्षेत्र सबसे अधिक श्रम खपाने वाला है?**

a. औद्योगिक क्षेत्र b. कृषि क्षेत्र
c. स्वरोजगार क्षेत्र d. इनमें से कोई नहीं।

**13. किसी कार्य को करने के लिए पांच व्यक्ति चाहिए पर इस कार्य को करने में सात व्यक्ति लगें हुए हैं यह कौन सी बेरोजगारी है?**

a. मौसमी b. ऐच्छिक
c. प्रच्छन्न d. शिक्षित

**14. इनमें से बूटा चौधरी का व्यवसाय क्या था?**

a. खेतिहर मजदूर b. मछुआरा
c. डॉक्टर d. शिक्षक

**15. मौसमी बेरोजगारी क्या है?**

a. जब कुछ लोग वर्ष के कुछ महीनो में कार्य प्राप्त नहीं कर सकते हैं।
b. लोग कार्य करते हुए प्रतीत होते हैं पर वे नहीं होते हैं।
c. लोग प्रचलित मजदूरी पर कार्य करने को तैयार है पर उन्हें कार्य नहीं मिलता।
d. इनमें से कोई नहीं।

**16. सन 2000 में शिशु मृत्यु दर कितनी थी?**

a. 60 b. 50
c. 75 d. 65

**17. राष्ट्रीय आय क्या है?**

a. यह सकल घरेलू खरीद है।
b. यह किसी देश के प्रत्येक व्यक्ति की औसत आय हैं।
c. यह एक देश में उत्पादित वस्तुओं व सेवाओं का जोड़ है।
d. इनमें से कोई नहीं।

**18. इनमें से मछुआरा कौन था?**

a. महेश b. विलास
c. शीला d. a और b दोनों।

**19. इनमें से कौन गठिया का रोगी था?**

a. शीला b. गीता
c .विलास d. सकल

**20. इनमें से कौन सकल के परिवार से नहीं है?**

a. श्याम b. बूटा
c. शीला d. महेश

**21. कौन से कारक जनसंख्या की गुणवत्ता को बढ़ाते हैं?**

a. साक्षरता दर b. लोगों का स्वास्थ्य
c. कौशल निर्माण d. उपर्युक्त सभी।

**22. 1951 में भारत में साक्षरता दर कितनी थी?**

a. 16 b. 17
c. 18 d. 19

**23. शहरी क्षेत्र में अधिकतर कौन सी बेरोजगारी पाई जाती है?**

a. प्रच्छन b. शिक्षित
c. ऐच्छिक d. मौसमी

**24. भारत में बेरोजगारी अधिक होने का मुख्य कारण क्या है?**

a. अशिक्षा b. अस्वास्थ्य
c. गरीबी d. उपर्युक्त सभी।

**25 एक विशेष अवधि में प्रति 1000 व्यक्तियों के पीछे करने वाले लोगों की संख्या क्या कहलाती है?**

a. शिशु मृत्यु दर b. मृत्यु दर
c. जन्म दर d. इनमें से कोई नहीं।

**26. इनमें से कौन एक शिक्षित बेरोजगारी का उदाहरण प्रस्तुत करता है?**

a. बूटा b. श्याम
c. सकल d. जीतू

**27. ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाशाली बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए किन आवासीय विद्यालयों की स्थापना की योजना है?**

a. केंद्रीय विद्यालय b. नवोदय विद्यालय
c. सर्वोदय विद्यालय d. जिला विद्यालय

**28. वर्ष 2014 में भारत की जीवन प्रत्याशा बढ़कर कितना हो गया?**

a. 68.3 वर्ष b. 60.5 वर्ष
c. 70.3 वर्ष d. 75.4 वर्ष

**29. 1951 में शिशु मृत्यु दर कितनी थी?**

a. 148 b. 147
c. 98 d. 105

**30. वर्ष 2016 में शिशु मृत्यु दर घटकर कितना हो गया?**

a. 30 b. 35
c. 34 d. 45

**31. प्राथमिक स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए इनमें से कौन सा कदम उठाया गया है?**

a. दोपहर के भोजन b. सेतु पाठ्यक्रम
c. स्कूल लौटो शिविर d. उपरोक्त सभी।

**32. भारत के किस राज्य में न्यूनतम प्रति व्यक्ति आय है?**
a. गोवा b. उत्तर प्रदेश
c. झारखंड d. बिहार

**33. महिलाओं के निम्न वेतन वाले कार्यों में नियोजित होने के क्या कारण है?**
a. वे भावुक होती हैं।
b. वे भारी काम नहीं कर सकती।
c. वे सुनसान या रात में काम नहीं कर सकती।
d. उपरोक्त सभी।

**34. वर्ष 2016 में मृत्यु दर घटकर कितना पर आ गया?**
a. 6.4 b. 8.1
c. 11.5 d. 16.8

**35. भारत में शिशु मृत्यु दर में कमी के क्या कारण माने जाते हैं?**
a. मां एवं बच्चों का टीकाकरण।
b. नियमित जांच।
c. मां एवं बच्चों को पोषण आहार उपलब्ध कराना।
d. उपरोक्त सभी।

**36. किस प्रकार की जनसंख्या अर्थव्यवस्था की परिसंपत्ति होती है?**
a. शिक्षित एवं स्वास्थ्य जनसंख्या
b. अशिक्षित एवं अस्वस्थ जनसंख्या
c. अनपढ़ एवं बेकार जनसंख्या
d. इनमें से कोई नहीं।

**37. एक देश की श्रम बाल जनसंख्या क्या है?**
a. 15-18 वर्ष b. 15-75 वर्ष
c. 15-59 वर्ष d. 15-40 वर्ष

**38. विलास की कहानी से हमें क्या सीख मिलती है?**
a. मानव पूंजी निर्माण में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।
b. मानव पूंजी निर्माण में शिक्षा कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभाता।
c. शिक्षा या प्रशिक्षण मानव विकास के लिए महत्वपूर्ण नहीं है।
d. इनमें से कोई नहीं।

**39. इनमें से कौन सा देश प्राकृतिक संसाधन के अभाव के बावजूद भी मानव संसाधन पर निवेश के कारण विकसित राष्ट्र के रूप में जाना जाता है?**
a. श्रीलंका b. भारत
c. जापान d. ब्राज़ील

**40. भारत में आजादी के समय 1947 में साक्षरता दर कितना प्रतिशत था?**
a. 15% b. 18%
c. 20% d. 27%

**41. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की साक्षरता दर कितना है?**
a. 64.6% b. 74.0%
c. 93.9% d. 80.9%

**42. वर्ष 2011 के अनुसार केरल की कुछ जिलों में साक्षरता दर कितनी थी?**
a. 94% b. 90%
c. 92% d. इनमें से कोई नहीं।

**43. वर्ष 2011 में बिहार की साक्षरता कितनी प्रतिशत थी?**
a. 60% b. 62%
c. 70% d. 90%

**44. देश के उत्पादन क्षमता में वृद्धि किसके निवेश से होती है?**
a. भूमि में b. भौतिक पूंजी में
c. मानव पूंजी में d. उपरोक्त सभी।

**45. जनसंख्या को मानव पूंजी में बदलने के लिए किसमें निवेश किया जाता है?**
a. शिक्षा में b. प्रशिक्षित करने में
c. चिकित्सा में d. उपरोक्त सभी।

**46. मौसमी बेरोजगारी क्या है?**
a. जब कुछ लोग वर्ष के कुछ महीनो में कार्य प्राप्त नहीं कर सकते हैं।
b. लोग कार्य करते हुए प्रतीत होते हैं पर वह होते नहीं है।
c. लोग प्रचलित मजदूरी दर पर कार्य करने को तैयार हैं पर उन्हें कार्य नहीं मिलता।
d. इनमें से कोई नहीं।

**47. सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत किस आयु वर्ग के बच्चों को सम्मिलित किया जाता है?**
a. 7-16 वर्ष b. 6-12 वर्ष
c. 6-14 वर्ष d. 5-18 वर्ष

**48. शिशु मृत्यु दर से अभिप्राय किस वर्ष से कम शिशु की मृत्यु से है?**
a. 1 वर्ष से कम b. 2 वर्ष से कम
c. 5 वर्ष से कम d. 1 से 2 वर्ष के बीच

**49. भारत में कुल कितने मेडिकल कॉलेज हैं?**
a. 381 b. 385
c. 405 d. इनमें से कोई नहीं।

**50. भारत में डेंटल कॉलेज की संख्या कितनी है?**
a. 300 b. 301
c. 310 d. 325

**51. 12वीं पंचवर्षीय योजना में उच्च शिक्षा में 18-23 वर्ष आयु वर्ग के नामांकन में कितना प्रतिशत तक वृद्धि हुई?**
a. 25.5% b. 30.2%
c. 25.2% d. 28.6%

**52. वर्ष 1950- 51 में महाविद्यालयों की संख्या कितनी थी?**
a. 755 b. 750
c. 800 d. 890

**53.** **वर्ष 2017-18 में महाविद्यालयों की संख्या कितनी थी?**

a. 41012 b. 4223

c. 4563 d. 4783

**54.** **वर्ष 2015 - 16 में प्राथमिक स्कूल प्रणाली भारत के कितने लाख से भी अधिक गांव में फैली है?**

a. 8.41 b. 8.45

c. 9.45 d. इनमें से कोई नहीं।

**55.** **पहली पंचवर्षीय योजना में शिक्षा पर कितना करोड़ रूपया व्यय किया गया था?**

a. 150 b. 151

c. 160 d. इनमें से कोई नहीं।

**56.** **आर्थिक क्रियाओं को कितने भागों में बांटा गया है?**

a. बाजार क्रियाएं। b. गैर बाजार क्रियाएं

c. a और b दोनों d. इनमें से कोई नहीं।

**57.** **इनमें से प्राथमिक क्रिया कौन सी है?**

a गन्ना उपजाना b. चीनी बनाना

c. पनीर बनाना d. गुड़ बनाना

**58.** **इनमें से कौन द्वितीयक क्षेत्र की क्रिया है?**

a. गन्ना उपजाना b. फसल उगाना

c. गुड़ बनाना d. इनमें से कोई नहीं।

**59.** **वर्ष 1950-51 में विश्वविद्यालयों की संख्या 30 से बढ़कर 2016-17 में कितना हो गया?**

a. 711 b. 795

c. 900 d. 1005

**60.** **इनमें से कौन आर्थिक क्रियाकलाप है?**

a. मां द्वारा भोजन बनाना।

b. गांव में लोगों द्वारा खेतों की सफाई करना।

c. एक किसान द्वारा कृषि का कार्य करना।

d. इनमें से कोई नहीं।

**61.** **इनमें से कौन एक गैर कृषि क्रियाकलाप है?**

a. ड्राइवर द्वारा कार चलाना।

b. कुम्हार द्वारा घड़ा बनाना।

c. शिक्षक द्वारा स्कूल में कक्षाओं का संचालन करना।

d. दुर्गा पूजा हेतु लोगों के द्वारा चंदा इकट्ठा करना।

**62.** **कृषि और पशुपालन के क्षेत्रक के अंतर्गत आते हैं?**

a. प्राथमिक b. द्वितीयक

c. तृतीयक d. उपरोक्त सभी।

## बहुविकल्पीय प्रश्न का उत्तर

1.c ,2.b, 3.d, 4.b, 5.b, 6.d, 7.a, 8.b, 9.c, 10.d, 11.d, 12.b, 13.c, 14.a, 15.a, 16.c, 17.c, 18.d, 19.c, 20.d, 21.d, 22.c, 23.b, 24.d, 25.b, 26.b, 27.b, 28.a, 29.b, 30.c, 31.d, 32.d, 33.d, 34.a, 35.d, 36.a, 37.c, 38.a, 39.c, 40.b, 41.b, 42.a, 43.b, 44.d, 45.d, 46.a, 47.c, 48.a, 49.a, 50.b, 51.c, 52.b, 53.a 54.a, 55.b, 56.c, 57.a, 58.c, 59.b, 60.c, 61.d, 62.a

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

**1.** **मानव संसाधन क्या है?**

**उत्तर-** किसी देश या किसी प्रदेश की जनसंख्या को ही मानव संसाधन कहते हैं।

**2.** **साक्षरता व शिक्षा में क्या अंतर है?**

**उत्तर-** साक्षरता का अर्थ है मात्र अक्षर से जबकि शिक्षा का अर्थ विशिष्ट ज्ञान से है।

**3.** **जन्म दर क्या है?**

**उत्तर-** जन्म दर से अभिप्राय किसी एक वर्ष में प्रति हजार जनसंख्या के पीछे जन्म लेने वाले बच्चों की संख्या से है।

**4.** **प्राथमिक शिक्षा से क्या समझते हैं?**

**उत्तर-** प्राथमिक शिक्षा वह है जो 6 - 14 वर्ष के बच्चों को न्यूनतम और आधारभूत कौशल सीखने है।

**5.** **मृत्यु दर क्या है?**

**उत्तर-** मृत्यु दर का अभिप्राय किसी एक वर्ष में प्रति हजार जनसंख्या में करने वाले व्यक्तियों की संख्या से है।

**6.** **हमें मानव संसाधन में निवेश की आवश्यकता क्यों पड़ती है?**

**उत्तर-** मानव की कुशलता और कार्य क्षमता को बढ़ाने के लिए मानव संसाधन में निवेश की आवश्यकता होती है।

**7.** **किस प्रकार की जनसंख्या अर्थव्यवस्था पर एक भार है?**

**उत्तर-** अशिक्षित तथा अस्वस्थ जनसंख्या अर्थव्यवस्था पर एक भार है।

**8.** **आर्थिक क्रियाओं को कितने भागों में बांटा गया है?**

**उत्तर-** आर्थिक क्रियाओं को दो भागों में बांटा गया है बाजार क्रियाएं तथा गैर बाजार क्रियाएं।

**9.** **बेरोजगारी से क्या समझते हैं?**

**उत्तर-** यदि किसी विशेष वर्ग के लोग काम करने के योग्य तो होते हैं और काम भी करना चाहते हैं लेकिन उन्हें काम नहीं मिलता तब उसे बेरोजगारी कहते हैं।

**10.** **ग्रामीण क्षेत्रों में किस प्रकार की बेरोजगारी पाई जाती है?**

**उत्तर-** ग्रामीण क्षेत्रों में प्रच्छन्न बेरोजगारी तथा मौसमी बेरोजगारी पाई जाती है।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**1.** **संसाधन के रूप में लोग से आप क्या समझते हैं?**

**उत्तर-** संसाधन के रूप में लोग से अभिप्राय किसी देश में वर्तमान उत्पादन, कौशल और क्षमताओं के संदर्भ में कार्यरत लोगों को

वर्णन करने का एक तरीका है।

**2. किसी व्यक्ति के कामयाब जीवन में स्वास्थ्य की क्या भूमिका है?**

**उत्तर-** किसी व्यक्ति के कामयाब जीवन में स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका है। अच्छा स्वास्थ्य सक्षम एवं सशक्त बनाता है। रोगों से लड़ने की शक्ति देता है तथा अधिक कार्य करने की क्षमता प्रदान करता है। इससे उसकी उत्पादकता और आय भी बढ़ती है।

**3. मानव पूंजी निर्माण में शिक्षा की क्या भूमिका है?**

**उत्तर-** शिक्षा व्यक्ति को इस योग्य बनाती है कि वह अपना सर्वांगीण विकास कर सके। शिक्षा व्यक्ति को इस योग्य बनाती है कि किसी कौशल में निपुण बन सके और अच्छा आय प्राप्त कर सके। शिक्षा एक व्यक्ति को अच्छे गुण अपनाने के योग्य बनाती है।

**4. आर्थिक एवं गैर आर्थिक क्रिया में क्या अंतर है?**

**उत्तर-** आर्थिक क्रियाएं वे क्रियाएं हैं जिनसे लोगों को कुछ आय की प्राप्ति होती है। जैसे -सब्जी बेचना आदि। गैर आर्थिक क्रियाओं में लोगों को कोई आय की प्राप्ति नहीं होती जैसे- समाज सेवा, धार्मिक कर्तव्य आदि।

**5. द्वितीय क्षेत्रक से आप क्या समझते हैं?**

**उत्तर-** जब प्राथमिक क्षेत्र से प्राप्त वस्तुओं को हम अपने लिए कुछ उपयोगी वस्तुओं बनाते हैं तो वह द्वितीयक क्षेत्रक कहलाता है। जैसे लकड़ी से कुर्सी बनाना, गन्ना से गुड़ या चीनी आदि।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**1. मानव संसाधन भूमि और भौतिक पूंजी जैसे अन्य संसाधनों से कैसे भिन्न है?**

**उत्तर-** कुछ लोग यह मानते हैं की जनसंख्या एक दायित्व है ना कि एक परिसंपत्ति। किंतु यह सच नहीं है लोगों को एक परिसंपत्ति बनाया जा सकता है यदि हम उनमें शिक्षा, प्रशिक्षण एवं चिकित्सा सुविधाओं के द्वारा निवेश करें। जिस प्रकार भूमि, जल, वन, खनिज आदि हमारे बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधन है उसी प्रकार मनुष्य भी एक बहुमूल्य संसाधन है। लोग राष्ट्रीय परिसंपत्तियों के उपभोक्ता मात्र नहीं है अपितु वे राष्ट्रीय संपत्तियों के उत्पादक भी हैं। वास्तव में मानव संसाधन अन्य संसाधनों जैसे कि भूमि तथा पूंजी की अपेक्षाकृत श्रेष्ठ है क्योंकि वह भूमि एवं पूंजी का प्रयोग करते हैं। भूमि एवं पूंजी स्वयं उपयोगी नहीं हो सकते हैं।

**2. शिक्षित बेरोजगारी भारत के लिए एक विशेष समस्या क्यों है?**

**उत्तर-** शिक्षित बेरोजगारी भारत के लिए एक विशेष समस्या है। यह गंभीर समस्या है जो बहुत तेजी से बढ़ रही है। आज मैट्रिक, स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री धारक भी रोजगार पाने में असमर्थ हैं ।एक अध्ययन से पता चला है कि मैट्रिक की तुलना में स्नातक और स्नातकोत्तर युवकों में बेरोजगारी की समस्या अत्यधिक गंभीर रूप लेती जा रही है। इसके निम्नलिखित कारण है-

a. शहरी बेरोजगारी का एक प्रमुख रोजगार केंद्र शिक्षा का अभाव है। हमारी शिक्षा व्यवसायोंन्मुख और व्यावहारिक ना होकर केवल पाठ्य पुस्तक पर आधारित हो गई है।

b. जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ रही है परंतु रोजगार के अवसर उतनी तीव्रता से नहीं बढ़ रहे हैं।

c. एक तरफ तकनीकी तौर पर योग्य व्यक्तियों के बीच बेरोजगारी की कमी है जबकि दूसरी तरफ आर्थिक समृद्धि के लिए आवश्यक तकनीकी कौशल की कमी है।

**3. महिलाएं क्यों निम्न वेतन वाले कार्यों में नियोजित होती है**

**उत्तर-** महिलाएं निम्नलिखित कारणों से निम्न वेतन वाले कार्यों में नियोजित होते हैं-

a. ज्ञान व जानकारी के अभाव में महिलाएं असंगठित क्षेत्रों में कार्य करती हैं जो उन्हें कम मजदूरी देते हैं। उन्हें अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी भी नहीं होती है।

b. महिलाओं को शारीरिक रूप से कमजोर माना जाता है इसलिए उन्हें प्रायः कम वेतन दिया जाता है।

c. भारत में महिलाएं पुरुषों की अपेक्षा कम शिक्षित होती हैं। उनके पास बहुत कम शिक्षा एवं निम्न कौशल स्तर है इसलिए उन्हें पुरुषों की तुलना में कम वेतन दिया जाता है।

d. महिलायें भौतिक एवं भावनात्मक रूप से कमजोर होती हैं।

e. महिलाएं खतरनाक कार्यों के लिए उपयुक्त नहीं होते हैं।

f. महिलाओं के कार्यों पर सामाजिक प्रतिबंध होता है।

g. जो महिलाएं दूर स्थित, पहाड़ी एवं मरुस्थलीय क्षेत्रों में कार्य नहीं कर सकती।